INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6- 3rd **Lang.**	**Department: Hindi**	**Date: 31**-01-23
Worksheet No: 8	**Topic:** अर्थग्रहण	**Note:** **Pl. file in portfolio**

निर्देश- दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर सही का निशान (✓) लगाइए |

बादशाह अकबर अक्सर राज्य की समस्याओं के विषय में बीरबल के साथ चर्चा किया करते थे और साथ ही वे बीरबल की बुद्धिमानी की परीक्षा भी लिया करते थे। वहीं, बीरबल भी हर समस्या का समाधान बड़े ही रोचक तरीके से करते थे।

एक बार की बात है बादशाह अकबर और बीरबल दोनों शाही बगीचे में टहल रहे थे। टहलते समय बादशाह अकबर और बीरबल दोनों के बीच मंदिर में पूजा करवाने के विषय पर चर्चा हो रही थी| तभी अचानक बादशाह अकबर के दिमाग में बीरबल की परीक्षा लेने का ख्याल आया। बादशाह अकबर ने पास में पड़ी हुई एक लकड़ी की ओर इशारा करते हुए बीरबल से पूछा, "बीरबल एक बात बताओ, ये जो सामने लकड़ी पड़ी हुई है, क्या तुम इसे बिना काटे छोटा कर सकते हो?"

बीरबल, बादशाह अकबर के मन की बात समझ गए और उस लकड़ी को बादशाह अकबर के हाथ में देते हुए बोले, "जी महाराज मैं इस लकड़ी को छोटा कर सकता हूँ।" बादशाह अकबर बोले, "यह कैसे भला?" तब बीरबल ने वहीं पास में पड़ी हुई एक बड़ी लकड़ी उठाई और बादशाह अकबर को पकड़ाते हुए पूछा, "महाराज इनमें से छोटी लकड़ी कौन-सी है?"

बादशाह अकबर बीरबल की चतुराई समझ गए और छोटी लकड़ी बीरबल के हाथ में देते हुए बोले, "वाकई बीरबल तुमने बिना काटे ही लकड़ी को छोटा कर दिया।" इसके बाद बादशाह अकबर बीरबल दोनों ज़ोर-ज़ोर से हँसने लगे।

बच्चो! इस कहानी से यह सीख मिलती है कि परिस्थिति चाहे जैसी भी हो, दिमाग से काम लेकर उससे बाहर निकलने का रास्ता खोजा जा सकता है।

1. बादशाह अकबर अक्सर किस विषय में बीरबल के साथ चर्चा किया करते थे?

    बाढ़ के विषय में — राज्य की समस्याओं के विषय में

    राज्य में चोरी के विषय में — अकाल के विषय में

2. बादशाह अकबर किसकी बुद्धि की परीक्षा लिया करते थे?

मोहन की   रोहन की   बीरबल की   सिपाही

3. बीरबल हर समस्या का समाधान किस प्रकार करते थे?

परेशान हो कर   बड़ी देर से

बड़े ही रोचक तरीके से   दरबारियों की मदद लेकर

4. महाराज अकबर और बीरबल दोनों कहाँ टहल रहे थे?

वन में   महल के पीछे   मंदिर में   शाही बगीचे में

5. टहलते समय महाराज अकबर और बीरबल दोनों के बीच किस विषय पर चर्चा हो रही थी?

नए महल विषय पर   मंदिर में पूजा करवाने के विषय पर

चोरी के विषय पर   गाँव में पूजा करवाने के विषय पर

6. बादशाह अकबर ने किसकी तरफ़ इशारा करते हुए बीरबल से प्रश्न पूछा?

कुएँ की ओर   नाव की ओर

तालाब की ओर   पास में पड़ी हुई लकड़ी की ओर

7. बीरबल किसके मन की बात समझ गए?

पुजारी के मन की   बादशाह अकबर के मन की

सिपाही के मन की   बुढ़िया के मन की

8. कहानी के अंत में बादशाह अकबर बीरबल दोनों ज़ोर-ज़ोर से क्या करने लगे?

हँसने लगे   चिल्लाने लगे

रोने लगे `   भागने लगे

सही / गलत बताइए|

9. बादशाह अकबर के दिमाग में मंत्री की परीक्षा लेने का ख्याल आया। ( )

10. इस कहानी से यह सीख मिलती है कि हर परिस्थिति में दिमाग से काम लेना चाहिए| ( )

••••••••••••••